प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में ओरियंटेशन टू आईल्स पर कार्यशाला आयोजित

पंतनगर। 26 मई 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में परिवार संसाधन प्रबंध विभाग के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम कोर्स के अंतर्गत 'ओरियंटेशन टू आईल्स' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय आंग्ल भाषा परीक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करना था। यह कार्यक्रम मुख्यतः उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था जो उच्च शिक्षा हेतु भारत के बाहरी देशों, जैसे ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूके और यूएसए आदि देशों में जाना चाहते हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अधिष्ठात्री, गृहविज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल उपस्थित थी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा की उत्कृष्ट शिक्षाएं के लिए मेहनत के आलावा कोई विकल्प नहीं है। विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने के पश्चात उसे प्राप्त करने के लिए सतत् कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि समय–समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन से विद्यार्थियों का न केवल उत्साहवर्धन होता है बल्कि उन्हें समुचित मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मिस्टर अमर एसईएमए ओवरसीज रूद्रपुर के मार्केटिंग ऑफिसर थे। उन्होंने विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को आंग्ल भाषा, टेस्टिंग सिस्टम की विस्तृत जानकारी तथा प्रक्रिया, भिन्न–भिन्न देशों की प्रवेश के समय, आवश्यक डाक्यूमेंट्स, अप्लाई करने की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का आयोजन स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम की कोर्स इंचार्ज, डा. छाया शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में गृह विज्ञान महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष, डा. अदीति वत्स; प्राध्यापक, डा. सीमा क्वात्रा; मिस्टर टी ए खस्तगीर, डा. सुनीता शर्मा, डा. दिव्या सिंह, डा. संध्या रानी एवं डा. शैफाली मैसी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के साथ प्रतिभागी।